# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक–प०नि० 7087 / 26

दिनांक–14.01.2026

सेवा में,

प्राचार्य

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

**विषय**–समर्थ पोर्टल के माध्यम से शास्त्री प्रथम सेमेस्टर / आचार्य प्रथम सेमेस्टर छात्रों के परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के कतिपय छात्रों का परीक्षा शुल्क अभी तक जमा नहीं हुआ है। इस सम्बन्ध में महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है ***कि वे अपने–अपने महाविद्यालय के ऐसे समस्त छात्रों जिनका परीक्षा शुल्क बकाया है, अतिशीघ्र समर्थ पोर्टल पर लॉगिन करते हुए अनिवार्य रूप से जमा कराना सुनिश्चित करें।***

उपर्युक्त के क्रम में यह स्पष्ट किया जाता है कि ***जिस महाविद्यालय के छात्रों का परीक्षा शुल्क निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत जमा नहीं कराया जायेगा, उनके परीक्षा परिणाम को विश्वविद्यालय द्वारा रोका जा सकता है,*** **जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।** परीक्षा शुल्क जमा कराने की ***अन्तिम तिथि दिनांक 21.01.2026 निर्धारित की जाती है।***

अतः इसको अतिआवश्यक एवं तात्कालिक मानते हुए अपने स्तर से शीघ्र बकाया परीक्षा शुल्क जमा कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

14/01/26

(दिनेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर।
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर केन्द्र को उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराने हेतु।
5. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
6. आशुलिपिक, कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
7. अधीक्षक(परीक्षा)।
8. जनसम्पर्क कार्यालय।
9. सम्बद्ध पत्रावली।

14/01/26

(दिनेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक